पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पूर्व सांसद के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 4 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने वाराणसी के पूर्व सांसद एवं वयोवृद्ध समाजसेवी श्री शंकर प्रसाद जायसवाल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि स्वर्गीय शंकर प्रसाद जायसवाल सादगी और परिश्रम की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा में लगातार वाराणसी से जीत दर्ज की थी। इससे पूर्व वे विधायक और पार्षद भी रहे चुके थे। उनके निधन से एक अच्छा मित्र खो दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा है कि श्री जायसवाल के साथ लोकसभा में काम करने का अवसर मिला।

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया।